WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# दैनिक मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 59 मेरठ, शनिवार 11 सितम्बर, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का......



# मेरठ में नकली सप्लीमेंट व प्रोटीन पाउडर बरामद



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ में जिम में कसरत करने वाले युवाओं को प्रोटीन के नाम पर जहरीला पाउडर परोसा जा रहा था। इसका खुलासा एसटीएफ औरह्वखाद्य एवं औषधि विभाग द्धर्थ्क। ऋ की कार्रवाई से हुआ है। दोनों टीमों ने मेरठ के ब्रह्मपुरी स्थित एक जिम में के नीचे स्थित एक दुकान से प्रोटीनह्वसप्लीमेंट से जुड़े अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। इस दौरान आरोपी दुकानदार फरार हो गया हैं। पुलिस ने जो सप्लीमेंट व प्रोटीन बरामद किया है उसकी कीमत लाखों में बताई जा रही है।ह्व जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ दिनों एसटीएफ औरह्वखाद्य एवं औषधि विभागह्वको मेरठ में नकली प्रोटीनह्वसप्लीमेंट के कारोबार की जानकारी मिल रही थी। जिसके बाद दोनों टीमों ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ब्रह्मपुरी इलाके में स्थित आरडी जिम पर छापा मारा। छापा पड़ते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। यहां जिम के नीचे स्थित एक दुकान से पुलिस ने नकलीह्वसप्लीमेंट व प्रोटीन पाउडर बरामद किया।ह्व इस दौरान दुकानदार फरार हो गया। यह दुकानदारह्वजिम में आने वाले युवाओं को हष्ट-पुष्ट बनने का दावा कर नकली सप्लीमेंट और प्रोटीन बेचताह्वथा।ह्वपुलिस ने बरामद प्रोटीनह्व5 ई-रिक्शाओं में रखकर थाने भिजवाया। पुलिस ने बताया किह्वब्रांडेड कंपनियों के बॉक्स में इस नकली सप्लीमेंट प्रोटीन को भरकर बेचा जा रहा था। आरोपी दुकानदार की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।ह्व पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि मेरठ के अलावा और किन-किन जिलोंह्वमें इन नकली सप्लीमेंट प्रोटीन की सप्लाई कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक इस नकली सप्लीमेंट प्रोटीन को प्रयोग करने वाले युवकों के शरीर पर खतरनाक असर हो सकता है। इसके अधिक सेवन से जान का खतरा भी बन सकता है।

# अभिभावकों का स्कूल पर प्रदर्शन




**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सेंट पैट्रिक्स एकेडमी स्कूल पर फीस को लेकर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए सैकड़ों अभिभावकों ने धरना प्रदर्शन किया। शुक्रवार सुबह परतापुर थाना क्षेत्र के दिल्ली देहरादून बाईपास स्थित सेंट पैट्रिक्स एकैडमी स्कूल के बाहर सैकड़ों अभिभावकों ने हंगामा किया। नारेबाजी करते हुए सेंट पैट्रिक्स एकेडमी स्कूल के प्रशासन पर आरोप लगाया कि कोरोना काल में स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों को लिखित में फीस और एनुअल सहित सभी चार्ज में 40 प्रतिशत छूट देने का वादा किया था, पर अब स्कूल प्रशासन ने अपना वादा तोड़ दिया और अभिभावकों को दी गई छूट को वापस ले लिया।

# भाजपा दौराला मंडल की हुई बैठक



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा दौराला मण्डल की बैठक में मण्डल प्रभारी मनिन्दर पाल सिंह ने की बैठक। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आगामी 11 सितंबर को होने वाले 4:00 सायं वर्चुअल संबोधन को केंद्रों के बूथ अध्यक्ष व बूथ समिति के सदस्य शक्ति केंद्र संयोजक व शक्ति केंद्र प्रभारी सुनेंगे । बूथ विजय अभियान व 11 से 20 सितम्बर तक पन्ना प्रमुख बनाने हेतु योजना बैठक में रहना हुआ । बैठक में बैंक संचालक मदन पाल सिंह ,जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश पाल,मण्डल अध्यक्ष रवि बटजेवरा, चेयरमैन हरेंद्र सिंह, देवेंद्र, जिला उपाध्यक्ष ओ.बी.सी मोर्चा मनिंदर विहान, गौतम सिवाच, रवि दौराला, अवनी केसरी, दौराला मण्डल के पदाधिकारी,शक्ति केन्द्र संयोजकध् प्रभारी व बूथ अध्यक्ष उपस्थिति रहे ।

# गुर्जर महासभा ने राहुल पंवार व भारती धामा का किया अभिनंदन

**विपुल जैन**

**बागपत।** नगर के चमरावल रोड स्थित गुर्जर भवन में अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा द्वारा गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिर भोज की जयंती अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के रूप में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर एडीएम बागपत अमित कुमार मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए और उन्होंने सम्राट मिहिर भोज के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी बने राहुल पवार पुत्र मास्टर तेजपाल सिंह बली तथा जिला पंचायत राज अधिकारी बनी भारती धामा पुत्री संजय डीलर निबाली का पगड़ी पहनाकर तथा सम्राट मिहिर भोज का मोमेंटो देकर अभिनंदन किया गया। इससे पहले एक हवन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया



और सामूहिक रूप से हवनकुंड में आहूतियां डाली। कार्यक्रम की अध्यक्षता करतार पहलवान तथा संचालन रणवीर चौधरी ने किया। इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी राहुल भाटी, भाजपा जिलाध्यक्ष सूरजपाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष प्रताप गुर्जर, गजेंद्र सिंह बली एडवोकेट आदि थे।

# कोरोना टीकाकरण शिविर में 40 ने लगवाई वैक्सीन






**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आजादी के अमृत महोत्सव एवं चोरी चोरा शताब्दी की श्रंखला के अंतर्गत भारत रत्न ,महान स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी ,उत्तर प्रदेश प्रथम मुख्यमंत्री एवम देश के चौथे गृहमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंथ जी की जयंती के पावन अवसर पर राष्ट्रपति पदक से अलं त, सरबजीत सिंह कपूर, उप संरक्षक भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मेरठध्संयोजक के नेतृत्व में एसजीएम गार्डन लालकुर्ती मेरठ में कोविड-19 वैक्सीन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 18 और 45 वैक्सीन की 40 व्यक्तियों को डोज निशुल्क लगाई गई तथा पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया । वैक्सीन शिविर मे डा0 हिना सिंह, एएनएम सरिता तिलक,संगीता सिंह, अमरजीत सिंह नैयर, सरबजीत नैयर, नीरज मित्तल का विशेष सहयोग रहा।

# देश में कोरोना के 35 हजार नए मामले

**नई दिल्ली ।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के 35 हजार नए मामले दर्ज किये गए, जबकि 37.5 हजार से ज्यादा लोगों ने इस महामारी को मात दी। देश में गुरुवार को 67 लाख 58 हजार 491 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये और अब तक 72 करोड़ 37 लाख 84 हजार 586 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शुक्रवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के34,973 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ 31 लाख 74 हजार 904 हो गया है। इस दौरान 37 हजार 681 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ 23 लाख 42 हजार 299 हो गयी है। इसी अवधि में सक्रिय मामले 2968 घटकर तीन लाख 90 हजार 646 रह गये हैं। इस दौरान 260 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 4,42,009 पहुंच गया है। देश में सक्रिय मामलों की दर घटकर 1.18 फीसदी पर आ गयी जबकि रिकवरी दर 97.49 फीसदी और मृत्यु दर 1.33 फीसदी पर बरकरार है। महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 55 घटकर 51364 रह गये हैं। इसी दौरान राज्य में कोरोना मुक्त होने वालों की तादाद बढ़कर 6308491 हो गयी है, जबकि 55 मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 138017 हो गया है।

# धूमधड़ाके के साथ घर में विराजे गणपति



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** महानगर में चारों ओर गणेश चतुर्थी की धूम रही। श्रद्धालुगणों ने गाजे बाजे के साथ गणपति की सवारी निकाली और डीजे ढोल की धुन पर खूब डांस किया। कोरोना महामारी में भी गणेश उत्सव पर कोई खास फर्क पड़ता हुआ नहीं दिखाई दिया है। लोगों ने आज से 9 दिन के लिए घर में बप्पा को विराजमान किया और पूजा अर्चना की। महानगर में जगह जगह भक्त गणेश की मूर्ति को अपने घर गाजे-बाजे के साथ लेकर जाते दिखाई दिए। इस दौरान खूब नाच गाना हुआ और सब ने गणपति बप्पा मोरिया का उद्घोष किया। नौ दिनों तक होगी भगवान गणेश की पूजा-अर्चना-बता दें कि आज देश के हर कोने में भगवान गणेश के आने की खुशी में लोग नाच-गा रहे हैं। आज से लेकर नौ दिनों तक भक्त भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करेंगे साथ ही उनके भजनों से गणेश उत्सव में चार चांद लगा देंगे। इसकी तैयारी भक्तजन बहुत दिनों से कर रहे हैं। भक्तों ने गणेश बप्पा की मूर्ति को अपने घर में विराजमान किया। साथ ही इस दौरान भक्तों में बप्पा को घर ले जाने की खुशी दिखाई दी। इन दिनों में आस-पास के लोग बप्पा के दर्शन करने पहुंचते हैं। साथ ही इन दिनों भगवान गणेश को मोदक का भोग लगाया जाता है। क्योंकि उन्हें मोदक बहुत प्रिय हैं, चाहें उन्हें छप्पन भोग लगा दो, लेकिन वह सब बिना मोदक के अधूरे हैं। इसके साथ ही नौ दिन बाद बप्पा की प्रतिमा को ठीक उसी प्रकार गाजे-बाजे के साथ तालाब या नदी में विसर्जित किया जाता है, जिस प्रकार उन्हें घर में विराजमान करने से पहले किया जाता है।

## लायंस क्लब बागपत ने पक्का घाट मंदिर में किया वृक्षारोपण




**विपुल जैन**

**बागपत।** लायंस क्लब बागपत के कार्यकर्ताओं ने नगर के पक्का घाट मंदिर में 150 पौधों का रोपण किया और सभी को उनकी रक्षा करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर संदीप गोयल मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। उनका लायंस क्लब बागपत के कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि पेड़- पौधों का मानव जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। पेड़ों से हमें फल, फूल, औषधि व जीवनदायिनी अश्वक्सीजन गैस प्राप्त होती है, इसलिए सभी को उनकी परवरिश अपने पुत्रों की तरह करनी चाहिए। इस मौके पर लायंस क्लब बागपत के अध्यक्ष सोहनपाल सिंह, कार्यक्रम चेयरमैन जयपाल शर्मा प्रधानाचार्य, राजपाल शर्मा, विजयपाल सिंह तोमर एडवोकेट, लायंस क्लब बागपत के सचिव एवं प्रमुख समाज सेवी महेश शर्मा, वाईपी सांगवान, विजयपाल सिंह यादव, विपिन यादव, वेद प्रकाश भारद्वाज आदि थे।

## पं० गोविन्द बल्लभ पंत जी एक महान देशभक्त व कुशल प्रशासकः डीएम



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** अमृत महोत्सव एवं चौरी चौरा शताब्दी समारोह की श्रृंखला में भारत रत्न पं0 गोविन्द वल्लभ पंत की जयन्ती मनायी गयी। कार्यालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी के0 बालाजी के द्वारा पं0 गोविन्द वल्लभ पंत के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण द्वारा भी पं0 गोविन्द वल्लभ पन्त जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किये गये। जिलाधिकारी के0 बालाजी ने कहा कि पं0 गोविन्द वल्लभ पन्त जी उ0प्र0 के प्रथम मुख्यमंत्री रहे। उन्होने कहा कि पं0 गोविन्द वल्लभ पन्त का स्वतंत्रता आन्दोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होने कहा कि पंत जी महान देशभक्त, कुशल प्रशासक, सफल वक्ता तथा लेखनी से सशक्त थे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के बाद उन्होने देश के गृहमंत्री के पद का भी निवर्हन किया। उनकी महान देशभक्ति तथा कुशल सेवा के कारण 1957 में भारत सरकार ने सर्वोच्च उपाधि भारत रत्न से विभूषित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर अजय तिवारी, नगर मजिस्ट्रेट एस0के0 सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट सुनीता सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## एन ए एस इन्टर कालेज में पंडित गोविंद वल्लभ पंत जी के जन्म दिवस पर एक समारोह का अयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** अमृत महोत्सव और चौरी चौरा शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में भारत रत्न व उत्तर प्रदेश के सबसे पहले मुख्यमंत्री रहे पंडित गोविंद वल्लभ पंत जी के जन्म दिवस पर एन ए एस इन्टर कालेज में एक समारोह का अयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संस्था के प्रबंधक व पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा ने गोविंद वल्लभ पंत जी के बारे में बताया कि वो देश ग्रह मंत्री के साथ ही उत्तर प्रदेश के तीन बार मुख्य मंत्री भी रहे। उनकी योग्यता के सभी कायल थे। कार्यक्रम की शुरूआत गोविंद वल्लभ पंत जी के चित्र पर फूल मालाएं अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर अजित चौधरी, चरण सिंह, विशांत तेवतियाऔर संतोष कुमार ने भी उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्यो की चर्चा पूरे विद्यालय के छात्रों के समक्ष की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य आभा शर्मा और संचालन दीपक शर्मा ने किया।

## 16 सितम्बर से कैम्प लगाकर बनाये जायेंगे आयुष्मान गोल्ड़न कार्ड: सीडीओ



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में लाभार्थियो के गोल्ड़न कार्ड युद्ध स्तर पर बनाने के संदर्भ में विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी के निर्देश पर आहूत बैठक में सीडीओ शशांक चोधरी ने बताया कि 16 सितम्बर से 30 सितम्बर 2021 तक सरकार के निर्देश के क्रम में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कैम्प लगाकर गोल्डन कार्ड बनाये जायेंगे।

उन्होने इसके लिए एक व्हाट्ए ऐप ग्रुप भी बनाने के लिए कहा। एसीएमओ डा0 पूजा शर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में जनपद के करीब 2.51 लाख परिवार लाभान्वित है, जिसमे 12 लाख 55 हजार 915 लाभार्थी है। उन्होने बताया कि जनपद में अभी तक 02 लाख 62 हजार लाभार्थियो के ही गोल्ड़न कार्ड बने है जो कि लाभार्थियो का कुल 21 प्रतिशत है। उन्होने बताया कि प्रदेश में मेरठ की रैंक 67वीं है। उन्होने बताया कि जिस भी क्षेत्र में आयुष्मान गोल्डन कार्ड के 50 या उससे अधिक लाभार्थी होंगे वहां कैम्प लगाकर आयुष्मान गोल्ड़न कार्ड बनाये जायेंगे। इसके लिए माईक्रो प्लॉन भी बनाया गया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेश मोहन, नगर मजिस्ट्रेट एस0के0 सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट सुनीता सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ज्वाला माता की ज्योत को कराया नगर भ्रमण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकर खेड़ा सदन पुरी पैंठ बाजार श्री महा काली मंदिर में ज्वाला जी की ज्योत को 10 वर्ष होने पर ज्वाला जी की पैदल शोभा यात्रा निकाली गई । 10 सितंबर 2011 मे ज्वाला जी की ज्योति हिमाचल प्रदेश ज्वाला जी मंदिर से पद यात्रा करते हुए लाए गए थी । इस मौके पर माता महा काली को छप्पन भोग लगाया गया तथा माता की चौकी की गए। पं विश्वामित्र, पंडित बाल ष्ण जी ने बताया कि महा काली को हर साल 56 भोग लगाया जाता है तथा ताशे नगाड़े के साथ महा काली की आरती प्रति शनिवार की जाती है इस मौके पर भक्तो ने महा काली से अपनी मुरादे मांगी तथा प्रार्थना कि। इस मौके पर सहयोगी पार्षद राजेश खन्ना, संयुक्त व्यापार संघ उपाध्यक्ष नीरज मित्तल,अनुज शाक्य , मिंटू गर्ग , करन चावला , पिंटू, अनमोल आनंद ,युग्म आदि का संयोग रहा।

## जीवन है अनमोल आत्महत्या नहीं समाधान जीवन को बचाने मे हम हैं आपके साथः डा गीता रानी



प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है ।इसकी शुरुआत इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ सुसाइड प्रिवेंशन द्वारा 2003 मे किया गया ।जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाकर आत्महत्या के मामलों को रोकना है ।जब सहज विचारों के स्थान पर असहज विचार आते हैं ।भावनात्मक दर्द से पीड़ित व्यक्ति के मन में आत्महत्या के विचार आने लगते हैं ।जिससे व्यक्ति की सोच आत्महत्या की ओर अग्रसर होने लगती हैं।कारण है-मनोवैज्ञानिक कारण,सामाजिक दबाव,कार्य स्थल पर दबाव,घरेलू कलह ,परीक्षा सम्बन्धी तनाव,कैरियर सम्बन्धी तनाव आदि हो सकते है ।मानसिक स्वास्थ्य सलाहकार डा गीता रानी ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य सबसे ज्यादा बाधित हुआ है । सबसे पहले कोशिश करें कि नकारात्मक विचारों से अपने को दूर रखने की कोशिश करें ।आत्महत्या का विचार आने से आप मानसिक रूप से अस्वस्थ या पागलपन की श्रेणी में नहीं आते हैं ।कभी न कभी हम सबके जीवन में ऐसा लगता है कि जीवन बेकार है ,आत्महत्या ही में एक उपाय है।कभी -कभी तो ऐसे ही ख्याल में मन में आ सकते हैं लेकिन यदि यह हर विचार हर समय आपके साथ है आप जिस पर विश्वास करते हैं उससे बात करें ।क्योंकि कोई भी विचार व्यक्ति के मन में मनोविज्ञान के अनुसार 24 घंटे से अधिक आपको परेशान करते हैं ,विचलित करते हैं तो निश्चित रूप से विचारणीय विषय है ।तो वो आपको इस परिस्थिति उबारने के लिए काउंसलर के साथ -साथ आपकी हिम्मत ,साहस इस विषम परिस्थिति से आप को विजय दिलाने आपके साथ हैं।मानसिक अवसाद व्यक्ति को अंदर से इतना कमजोर कर देती है कि वह अपने आप को बिलकुल अकेला समझने लगता है,परिवार से बात नहीं करता है ,खानपान में बदलाव आने लगता है ,कहीं जाने में संकोच करता है ,किसी भी काम में ध्यान नहीं लगा पाता है ,नशा वृत्ति बढ़ती है , कुछ असामान्य व्यवहार दिनचर्या में शामिल हो रहा है ,यदि इस तरह का परिवर्तन दिखाई देता है तो इनको छिपाना नहीं चाहिए।किसी ना किसी से बात करनी चाहिए ।यदि कोई आपके आस-पास कोई मेरा जीवन बेकार है,ऐसा जीवन जीकर क्या करना है,मेरी किसी को जरूरत नहीं इस तरह से बात करें तो आप अपने दोस्तों,प्रियतमों,परिवार जनों को अकेला न छोड़ें ।उनसे बात करने का प्रयास करें ।वास्तव में मानसिक अवसाद छिपाने का विषय नही है ये शारीरिक बीमारी की भाँति ही है ।मानसिक अवसाद से पीड़ित व्यक्ति अपनी बात गोपनीय रखना चाहता है तो वो विश्वास भी दिलाते हुए पीड़ित की सहायता करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा मुस्कुरायेगा इंडिया अभियान चलाया जा रहा है ।

## मुजफ्फरनगर में चलता मिला फर्जी सिटी हास्पिटल, लाखों की दवाई मिली, लगाई गई सील



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** अवैध रूप से चलाए जा रहे अस्पताल को जिला प्रशासन और औषधि विभाग की संयुक्त टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए सील कर दिया है। प्रशासन की इस कार्यवाही से अस्पतालों के जरिए धन बटोरने में लगे लोगों में हड़कंप मच गया है। पुलिस द्वारा कई लोग हिरासत में भी लिये गये है। शुक्रवार को जिला प्रशासन और औषधि विभाग की टीम सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक कुमार सिंह और ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद की अगुवाई में शहर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में मदीना चौक के समीप स्थित सिटी हॉस्पिटल पर छापामार कार्रवाई करने के लिए पहुंची। जिला प्रशासन और औषधि विभाग की टीम ने अस्पताल के दस्तावेजों की जांच की, लेकिन अस्पताल प्रबंधन अनुमति और लाइसेंस आदि की बाबत कोई वैध कागजात टीम को नहीं दिखा सका। इस दौरान अस्पताल में योग्य डॉक्टर भी नहीं मिले, जबकि बाहर लगे बोर्ड पर कई बड़े डॉक्टरों के नाम लिखवाए गए थे। सिटी अस्पताल के भीतर मेडिकल स्टोर भी चलता मिला, जहां से लाखों रुपए की अवैध दवाइयां टीम द्वारा बरामद की गई है। जिला प्रशासन और औषधि विभाग की टीम ने अवैध रूप से चलाए जा रहे सिटी हॉस्पिटल और उसके भीतर बने मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए कई लोगों को हिरासत में भी लिया है। छापामार कार्यवाही के दौरान मौके पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही। छापामार कार्रवाई को देखने के लिए आसपास के इलाके के लोगों का अस्पताल के इर्द-गिर्द भारी जमावड़ा लगा रहा।

## मासूम बच्चे और बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी

**मुजफ्फरनगर।** एक मासूम बच्चे और एक बुजुर्ग का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव सराय रसूलपुर में एक तालाब में मासूम बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। गांव सराय रसूलपुर निवासी हरबीर सिंह का पांच वर्षीय बेटा अंशुल गुरुवार की शाम खेलते हुए कहीं गायब हो गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन, कहीं नहीं मिला। अंशुल का शव गांव में ही तालाब में पड़ा मिला है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना प्रभारी कुशलपाल सिंह का कहना है कि अभी मामले में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि बच्चा खेलते समय तालाब में गिर गया। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगा। दूसरी ओर पुरकाजी में ईदगाह के निकट कस्बा निवासी इरफान के खेत में 55 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शव की अभी पहचान नहीं हो पाई है। मृतक के पास से ऐसा कोई सामान भी नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या करके शव को यहां लाकर फेंका गया है। पुलिस कार्रवाई में लगी है।

## विश्व आत्महत्या निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम किया आयोजित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** विश्व आत्महत्या निषेध दिवस के अवसर पर पर्यावरण एवं स्वच्छता क्लब द्वारा खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। क्लब निदेशक आयुष गोयल पीयूष गोयल ने बताया जीवन अनमोल है जिंदगी बार-बार नहीं मिलती जीवन के प्रति सकारात्मक नजरिया रखिए जिंदगी से प्यार करिए आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता मुख्य वक्ता दीप्ति कौशिक विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग स्माइल पीजी कॉलेज ने बताया आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण डिप्रेशन है डिप्रेशन दूर करने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। अपने आप को व्यस्त रखने का प्रयास करें, जीवन का लक्ष्य निर्धारित करे, उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करें, जीवन को सार्थक बनाएं, दूसरों के लिए मिसाल कायम करें। समाजसेवी विपुल सिंघल ने बताया आत्महत्या के विषय में सोचना भी गलत है जब हम स्वयं अपने जीवन का आरंभ नहीं कर सकते तो हमें अपने जीवन का अंत कैसे कर सकते हैं। लक्ष्मी शर्मा ने सभी को जिंदगी जीने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ0 मनु भारद्वाज ने कहा खुदकुशी केवल एक इंसान की ही जान नहीं लेती , उस व्यक्ति से जुड़े व्यक्तियों,परिवार एवं समाज को भी प्रभावित करती है। इस कार्यक्रम में आयुष पीयूष गोयल, खालसा इंटर कालेज की प्राचार्य डॉक्टर मनु भारद्वाज, मुख्य अतिथि डॉ दीप्ति कौशिक विभागाध्यक्ष स्माइल पीजी कॉलेज, लक्ष्मी शर्मा , विपुल सिंघल, खालसा इंटर कॉलेज की अध्यापिका सतनाम, हर्ष, चंचल, रश्मि, मीतू शर्मा, गुविन्दर, नीना, ;तु आदि मौजूद रहे।





सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के उत्तराखंड के राज्यपाल नियुक्त होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल दी गई शुभकामनाएं

## विश्व आत्महत्या निषेध दिवस : डीएवी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. महावीर सिंह फौजदार ने कहा कि आत्महत्या के विषय में सोचना भी गलत है, जब हम स्वयं अपने जीवन का आरंभ नहीं कर सकते, तो उसका अंत करने के बारे भी सोचना गलत है। डा. फौजदार ने यह बात बतौर मुख्य अतिथि विश्व आत्महत्या निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को यहां आयोजित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में कही। इस कार्यक्रम का आयोजन डीएवी डिग्री कॉलेज में किया गया था। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रशान्त कुमार ने कहा कि शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। उन्होंने चिंता की जगह चिंतन करने व रोग से बचाव के लिए किए जाने वाले उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है जिंदगी बार-बार नहीं मिलती, जीवन के प्रति सकारात्मक नजरिया




रखिए, जिंदगी से प्यार करिए, आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। आत्महत्या का सबसे बड़ा कारण डिप्रेशन है । डिप्रेशन दूर करने के लिए नियमित रूप से योगा करना चाहिए। अपने आप को व्यस्त रखने का प्रयास करें, जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें, उसे प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करें, जीवन को सार्थक बनाएं, दूसरों के लिए मिसाल कायम करें। मनोचिकित्सक डॉ. अपर्ण जैन ने कहा कि मानसिक रोग के प्रमुख लक्षणों में नकारात्मक विचार के साथ पर्याप्त नींद का नहीं आना, मिर्गी का दौरा पडना, अचानक बेहोश होना, हाथ व पैर में झुनझुनी होना, भीड़ में जाने से घबराना, आत्महत्या करने का विचार आना या कोशिश करना, बिना किसी कारण अचानक घबराहट होना, किसी के आसपास न होने के बाद भी किसी के होने की आशंका होना, अपने आप से बात करना आदि शामिल है। इसमें से किसी भी लक्षण के महसूस करने पर जिला मुख्यालय स्थित मानसिक रोग निवारण प्रकोष्ठ से संपर्क करें जहां इलाज के लिए दवा के साथ उचित परामर्श देने की व्यवस्था है।

## गौरव स्वरूप के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी में शामिल हुए



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**
**मुजफ्फरनगर।** महावीर चौक स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सभा हुई जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी और संचालन महानगर महामंत्री शलभ गुप्ता एड ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी प्रमोद त्यागी एड और विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी गौरव स्वरूप रहे। महानगर महामंत्री शलभ गुप्ता एड ने जानकारी देते हुए बताया कि आज पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी गौरव स्वरूप के नेतृत्व में सैकड़ों लोगो ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की जिनमें मुख्य रूप बाल्मीकि समाज से सविता देवी , सनी बाल्मीकि, सैकड़ों बाल्मीकि समाज के व्यक्तियों ने और चाहती देवी तथा अरविंद गर्ग के साथ सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की । अलीम सिद्दीकी और शलभ गुप्ता एड ने सभी का माला पहनाकर स्वागत किया जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एड ने कहा की मै आने वाले सभी व्यक्तियों को बहुत बहुत स्वागत करता हूं और आप लोगों से आशा करता हूं आने वाले 2022 के विधानसभा चुनाव मै आप लोग समाजवादी पार्टी को मजबूत करेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी गौरव स्वरूप ने कहा कि जनता आवाम की ताकत होती है आप लोग ही सरकार बनाने का कार्य करते है यकीनन आज जनता भाजपा की दमनकारी नीतियों से परेशान है और उन्हे विकल्प के रूप में समाजवादी पार्टी से ही विकास की आशा है आप सभी का इतनी बड़ी संख्या मै पार्टी ज्वाइन करना इसी बात का संदेश है कि आने वाले 2022 मै समाजवादी पार्टी की सरकार आ रही है। अलीम सिद्दीकी महानगर अध्यक्ष और महानगर महामंत्री शलभ गुप्ता एड ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर वर्ग और धर्म को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है जो हर वर्ग को साथ लेकर चलती है आज के जो हालात है चारों तरफ महिलाओं पर अत्याचार, महंगाई, बेरोजगारी जिससे आज जनता आजिज आ चुकी है इन समस्याओं से केवल समाजवादी पार्टी ही मुक्ति दिला सकती है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में सविता रानी, धनपाल, मनोज, नीतीश, रवि, मनोज, सोहनबीरी, कल्लू प्रधान, सतीश, ओमवीरी, सनी , चाहती देवी, सुमन देवी, ज्योति रानी, टीना रानी,सुमन देवी,शशि रानी,शिमला देवी ,सतपाल, प्रीतम, ईश्वर, मनोज गर्ग, अरविंद गर्ग, प्रह्लाद, वीरमती, कुलदीप, अनीता,ओमकारी, अजय, राखी, मीनू, अरविंद, बृजपाल, सचिन, राजू, राजेश मिस्त्री, प्रभा, नीरा, बिमलेश, भगवान देवी, अंगूरी ,कमल, विमलेश, आशु , अरुण , कंवरपाल अरविंद शर्मा ,अमित गुर्जर ,विवेक शर्मा ,शकुंतला, सोनी, विनोद, विपिन, प्रेम, प्रमोद, बाबू ,आशा, आदि ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में जनार्दन विश्वकर्मा, महक सिंह, अमित शील , शशांक त्यागी, फराज अंसारी, मुकुल त्यागी, मुकेश वशिष्ठ आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल द्वारा भूमिया मन्दिर में विराजमान हुए गणपति की पूजा अर्चना की गई



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी भोपा के भूमिया मन्दिर पर आज पूजा अर्चना कर गणपति बप्पा की मूर्ति को विराजमान किया गया 19 सितम्बर को गणपति बप्पा का विसर्जन होगा तब तक प्रतिदिन सुबह व श्याम को पूजा अर्चना की जायेगी व प्रशाद वितरण होगा आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वीरपाल निर्वाल सच्चा निवास आश्रम के महंत गुरु परमेश्वर ब्रह्मचारी व भोपा प्रधान प्रतिनिधि तरुण कुमार मन्दिर के पुरोहित अंकित शर्मा व आज के यजमान मंगेश वालिया व उनकी पत्नी रीनू वालिया आयोजनकर्ता गणेश सेवा समिति सहित पारुल, प्रदीप शर्मा, अज्जू, बंटी, विपुल, प्रेम सागर, लल्लापान वाले, आदि भक्तजन उपस्थित रहे

# पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य विष्णु लोक पर गणेश महोत्सव की विशेष पूजा में हुए शामिल



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर के नगर स्थित विष्णु लोक पर हुए कार्यक्रम में गणेश महोत्सव की विशेष पूजा का आयोजन किया गया वहां पर पहुंचने पर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल का पंडित विनय शर्मा द्वारा पटका पहनाकर और पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया तत्पश्चात पूजा आरंभ की गई पूजा में विशेष रूप से पूर्व चेयरमैन डॉक्टर सुभाष शर्मा सीएमओ श्री फौजदार समाजसेवी ब्रह्म प्रकाश शर्मा पंडित सतीश शर्मा पंडित विनय शर्मा आदि मौजूद रहे पालिका अध्यक्षा द्वारा अपने संबोधन में कहा गया विष्णु लोक से उनका पुराना नाता रहा है स्वर्गीय पंडित विष्णु शर्मा से विशेष लगाव था और वह समय-समय पर उनसे मिलती रहती थी उन्होंने पंडित विनय शर्मा को अपना आशीर्वाद दिया और कहा मुझे आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि आप विष्णु लोक को और ऊंचाइयों पर ले कर जाएंगे

# मुठभेड़ में शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, लाखों रुपए का समान बरामद



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर की नगर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया, पुलिस ने चोरों के कब्जे से 30 लाख रुपयों का चोरी किया गया ट्रांसफार्म का सामान भी बरामद किया है, आपको बता दे की गिरफ्त में आये इन तीनो चोरों पर चोरी,हत्या,लूट और डकैती के लगभग 104 मुकदमा दर्ज है,बहराल पुलिस ने पूछताछ के बाद तीनो को जेल भेज दिया। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के बडकली रोड का है, जहां पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान कार सवार तीन शातिर चोर ताहिर हनीफ और नईम निवासीगण मुजफ्फरनगर-मेरठ को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है, पुलिस ने इन शातिर चोरों के कब्जे से एक सेंट्रो कार व दो तमंचे और चार कारतूस के साथ साथ 30 लाख की कीमत का किसानों की ट्यूबबेलो से चोरी किया गया ट्रांसफश्र्मर का सामान और बिजली के तार भी बरामद किये है। शातिर बदमाश ताहिर खतौली थाने से हिस्ट्रीशीटर बदमाश है,जिस पर लूट हत्या चोरी के 43 मुकदमें दर्ज है,तो वही हनीफ और नईम के खिलाफ भी चोरी के 31-31 मुकदमे तितावी, शहर कोतवाली, भोपा और मीरापुर थानों में दर्ज है। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद इन तीनों शातिर बदमाशों को सलाखों के पीछे भेज दिया है, जानकारी के मुताबिक ये शातिर चोर रात्रि में किसानो की ट्यूबवेल को अपना निशाना बनाते थे,और बाद में समान को चोरी करने के बाद स्टील कटर से काटकर उन्हें कबाड़ी के यहाँ ओने पोने दामों में बेच दिया करते थे।

# पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल ने गांधी कॉलोनी मयूर महल वेंकट हॉल के सामने अरोमा पैलेस का किया उद्घाटन





**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल द्वारा गांधी कश्वलोनी मयूर महल वेंकट हॉल के सामने अरोमा पैलेस का जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला के साथ उद्घाटन किया उद्घाटन के अवसर पर पालिका अध्यक्षा ने कहा इस तरह के पैलेस खुलने से आसपास के लोगों को एवं शहर वासियों को बहुत लाभ होता है पालिका अध्यक्षा द्वारा वहां पर मौजूद चौधरी राजीव सिंह अमित चौधरी सुनील सिंघल को शुभकामनाएं दी इस अवसर पर सभासद विवेक चुघ स्टेनो अध्यक्ष गोपाल त्यागी एसके बिट्टू एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# मुजफ्फरनगर प्रशासन अतिक्रमण हटाने को लेकर हुआ सख्त, जेसीबी द्वारा हटाया गया अतिक्रमण



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर प्रशासन द्वारा शहर में लगातार शहर वासियों को जाम से निजात दिलाने की तैयारी चल रही है पूर्व में भी प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर काफी योजनाएं बनाई गई और कार्य किया गया लेकिन कुछ समय बाद ही फिर से अतिक्रमण हो जाता है जिस कारण शहर में लंबा जाम लगता है और नगर वासियों को भारी जाम झेलना पड़ता है एक बार फिर से डीएम के निर्देशानुसार शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है उसी क्रम में सिटी मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह ने पहले भगत सिंह रोड पर अतिक्रमण अभियान चलाया और व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने को लेकर चेतावनी दी इसके बाद दोपहर में झांसी रानी चौक पर ठेला लगाने वालों को भी सख्त हिदायत दी गई थी कि वह लोग समय रहते हुए अतिक्रमण हटा ले लेकिन इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया गया जिसमें कार्यवाही करते हुए जेसीबी मशीन द्वारा अतिक्रमण हटाया गया अब आगे भी प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी रहेगा जिससे शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे

# मुख्यमंत्री करेंगे देवबंद एटीएस सेंटर का शिलान्यास



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** देवबंद में बनने जा रहे एटीएस कमांडो ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। विधायक कुंवर बृजेश सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें देवबंद आने का निमंत्रण दिया। संभावना जताई जा रही है दूसरे नवरात्रि पर मुख्यमंत्री देवबंद आ सकते हैं। विधायक कुंवर बृजेश ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर देवबंद में प्रस्तावित एटीएस ट्रेनिंग सेंटर का शिलान्यास करने का निमंत्रण दिया। संभावना जताई जा रही है दूसरे नवरात्रि पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवबंद आएंगे। विधायक कुंवर कुंवर बृजेश सिंह ने बताया लखनऊ में मुलाकात के दौरान देवबंद में एटीएस सेंटर के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री को उन्होंने धन्यवाद दिया। इसके अलावा देवबंद का नाम देववृंद करने की मांग भी रखी। विधायक ने बताया मुख्यमंत्री ने देवबंद आने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। जल्द ही मुख्यमंत्री देवबंद एटीएस सेंटर का शिलान्यास करेंगे। ज्ञात रहे कि प्रदेश के आठ स्थानों पर यूपी सरकार ने एटीएस ट्रेनिंग सेंटर खोलने के दिशा निर्देश जारी किए थे। जिनमें से पश्चिमी उत्तर प्रदेश का देवबंद भी शामिल है। हालांकि देवबंद में एटीएस सेंटर बनाए जाने को लेकर सत्ता और विपक्ष के नेताओं में खींचतान भी चल रही है। देवबंद में मुख्यमंत्री के आने से पश्चिम उत्तर प्रदेश की सियासत एक बार फिर से गर्माएगी। बजरंग दल के पश्चिमी प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने भी मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर देवबंद में एटीएस सेंटर की नीव रखने के लिए निमंत्रण भेजा था। इसके अलावा भाजपा संगठन के भी नेता मुख्यमंत्री को देवबंद एटीएस सेंटर के शिलान्यास करने का निमंत्रण भेज चुके हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।